RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

नीमच, बुधवार
07 फरवरी 2024
वर्ष 01, अंक 48, - मूल्य 02 रूपए

Periodicity- Weekly

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866



पेज नं 4... नीमच शहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत

Commodity: Gold 64,400 | Silver 70,460 | Crude Oil 6,125 | Natural Gas 165.00 | Aluminium 200.45 | Copper 711.80

# समाजसेवी अशोक आरोरा पर जानलेवा हमला, जनता में आक्रोश
# जिले भर में सौंपें जा रहे ज्ञापन, आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग

## बाबू सिंधी हो सकता है घटना का मास्टरमाइंड, पुलिस जल्द करे सकती है खुलासा, सैकड़ों संदिग्धों से पूछताछ जारी





**नीमच।** रविवार को शहर में मालवा मेवाड़ के प्रतिष्ठित कारोबारी व समाजसेवी अशोक अरोरा पर कायराना तरीके से किया गया जानलेवा हमला अपने आप एक गंभीर घटना और सनसनीखेज वारदात है, जिसकी खबर फैलते ही शहर सहित मालवा मेवाड़ में लोग स्तब्ध होकर रह गए, जिस किसी ने भी इस वारदात की खबर शोसल मीडिया के माध्यम से देखी या सुनी उसने समाजसेवी अशोक अरोरा की सलामती की दुआ ही मांगी। हमले में अशोक अरोरा बाल बाल बचे और गोली उनकी कंधे को छूकर निकल गई।

वहीं इस गोलीकांड के दौरान जवाबी कार्यवाही में अरोरा के सुरक्षाकर्मियों ने एक आरोपी को मौके पर ही ढेर कर दिया, जबकि तीन अन्य फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने भी तुरंत मोर्चा संभाला और एसपी तौलानी के निर्देश पर अलग-अलग टीमों का गठन कर जांच शुरू कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी थी।

**बाबू सिंधी हो सकता है घटना का मास्टर माइंड**

इस पूरे घटनाक्रम में हर ओर से बाबू सिंधी की संलिप्तता को दर्शा रहा है। मृतक बाबू फकीर और बाबू सिंधी का एक ही जेल में होना, वहीं दोनो का पैरोल पर एक ही समय बाहर आना सीधे सीधे बाबू सिंधी को इस मामले का मास्टरमाइंड होना दर्शा रहा है।

यही नही वारदात को लेकर पड़ताल में जांच का जो बिंदु सामने आया है, उसमें कुख्यात तस्कर जयकुमार सबनानी उर्फ बाबू सिंधी जिसके मुनीम अनुराग बंसल की क्रेटा कार का इस्तेमाल इस वारदात में किया जाना बताया जा रहा है। वहीं खबर यह भी है की, हाल के दिनों में बाबू सिंधी अपने मुनीम अनुराग के घर से उक्त ब्लेक क्रेटा कार को लेकर गया था। जिसके सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगने की सूचना मिली है! वही अब पुलिस के लिए जांच का विषय यह भी है कि मृतक आरोपी बाबू फकीर पिछले कितने समय से नीमच में था और उसकी क्या गतिविधियां रही। बाबू फकीर को घटना में प्रयुक्त ब्लेक क्रेटा कार किसने उलब्ध कराई। वही घटना से पूर्व अशोक अरोरा के कार्यालय से लेकर उनके निवास तक किन लोगो ने रेकी की। इस सनसनीखेज वारदात मृतक आरोपी बाबू फकीर संदिग्ध तौर पर सामने आए कुख्यात तस्कर बाबू सिंधी सहित अन्य किन लोगो के लगातार सम्पर्क में था।

**सैकडों संदिग्धों से हो रही पूछताछ**

श्री अरोरा पर हुए हमले में संदेह के आधार व कॉल डिटेल और सीसीटीवी फूटेज के आधार पर शहर व आसपास के क्षैत्रों और खास तौर पर बाबू सिंधी से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस भी इस मामले की संवेदनशीता को ध्यान में रख कर हर छोटे बड़े पहलुओं को ऑब्र्जव कर रही है।

**तीनों फरार आरोपियों का जल्द लग सकता है सुराग**

सूत्रों के अनुसार पुलिस को मृतक के पास से मिले मोबाईल से मिली डीटेल व सीसीटीवी फूटेज से तीनों फरार आरोपियों के बारे में जानकारी मिली है। उन फरार आरोंपियों की पहचान भी जल्द हो जाएगी।

पुलिस की सर्चिंग टीम कई जिलों में जाकर फरार आरोपियों का पता लगाने में जूटी है। पुकलस सूत्रों के अनुसार इस मामले का जल्द ही खुलासा हो जाएगा।

### गोलीकांड को लेकर सर्व समाज में आक्रोश, सड़को पर उतरेंगे हज़ारो लोग
### यूपी की तर्ज पर बदमाशों का सफ़ाया ज़रूरी

नीमच में चार फ़रवरी को समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर पर जानलेवा हमले की गंभीर घटना हुई। शार्प शूटरो ने सरेआम गोलिया चलाकर शहर की फ़िज़ा बिगाड़ने की कोशिश की गई। घटना को तीन दिन बीत चुके है। पुलिस प्रशासन द्वारा बदमाशों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्यवाही नहीं की गई है। इस घटना से हर वर्ग में आक्रोश हैं। वर्ग विशेष से जुड़े हुए बदमाशों का हाथ सामने आया है। 8 फ़रवरी को दोपहर 12 बजे सर्व समाज और संगठन, संस्था के पदाधिकारी इस घटना के विरोध में भारतमाता चौराहे (फ़ोर ज़ीरो) पर एकत्रित होंगे। यहाँ से रैली के रूप में रवाना होकर पुराना केंट थाना परिसर नीमच पहुँचेंगे। जहां पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसने माँग की जाएगी कि यूपी के अतिक अहमद की तर्ज़ पर अपराधियों, बदमाशों की अवैध तरीक़े से अर्जित संपत्ति पर बुलडोज़र चलाया जाए। मुख्य आरोपीगणो की जल्द से जल्द गिरफ़्तारी हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सर्व समाज की माँग है कि स्पेशल अभियान चलाकर अपराधियों की आर्थिक कमर तोड़ी जाए तथा बदमाशों को सलाख़ों के पीछा डाला जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो।

**विरोध प्रदर्शन- दिनांक 8 फ़रवरी, गुरुवार**
**समय- दोपहर 12 बजे**

### समाजसेवी अरोरा पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर रामपुरा में कई संगठन उतरे सड़क पर, सौंपा ज्ञापन



**रामपुरा।** जिले के समाजसेवी धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले मां भादवा एवं सांवरिया सेठ के परम भक्त अशोक अरोरा पर रविवार को ऑफिस से घर जाते वक्त हमलावरों ने फायरिंग कर हमला किया। जिसमें अरोरा बाल बाल बचे, ऐसे धार्मिक व्यक्ति पर प्राण घातक हमला करने वालों के विरोध में आज नगर के कई संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल,महाकाल उत्सव समिति, गुप्तेश्वर सेवा समिति, व्यापारी संघ, आदर्श हिंदू सेवा समिति, प्रेस क्लब तथा नगर की जनता ने सायं 5 बजे श्री बालाजी धाम मंदिर रामपुरा बस स्टैंड पर एकत्रित होकर रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार मुकेश निगम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रशासन को अवगत कराया की प्राणघातक हमलावरो पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण, नगर वासी उपस्थित थे।



### भाजपा अजा मोर्चा ने सौपा ज्ञापन

मालवा मेवाड़ के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं कारोबारी अशोक गंगानगर पर रविवार की शाम 4.30 बजे शहर के मुख्य चौराहे लायंस पार्क के समीप हुए प्राणघातक हमले को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि गोयल के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर समाजसेवी अशोक गंगानगर के हमलावरो की शिनाख्त कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि अशोक अरोरा पर हुआ प्राणघातक हमला निंदनीय है, नीमच जिले की शांत फिजा में जहर घोलने वालो को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। अशोक अरोरा नीमच ही नही बल्कि मालवा- मेवाड़ में प्रतिष्ठित समाजसेवी है। जब शहर में प्रतिष्ठित व्यक्ति पर ही खुलेआम बीच बाजार ऐसा घटनाक्रम कारीत किया जा सकता है तो आम जनता कहां तक सुरक्षित है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि समाजसेवी अशोक गंगानगर पर किए गए जानलेवा हमले से संबंधित घटनाक्रम में जल्द से जल्द पर्दाफाश कर घटना के पीछे छिपे आरोपियों की शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग भाजपा अजा मोर्चा ने की है।

उक्त ज्ञापन सौंपते समय भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि गोयल, जिला महामंत्री पुष्कर सिंह चौहान, करण नकवाल, तुलसीराम सिकलीगर, अमन यादव, राहुल यादव, लोकेश सगर, चंदन बनौधा, मोंटू सलोना सहित अन्य मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में जानकारी अजा मोर्चा के मीडिया प्रभारी अरूण यादव ने दी।

### समाजसेवी अशोक अरोरा पर हमला करने वाले बदमाशो की गिरफ्तारी को लेकर प्रेस क्लब ने दिया ज्ञापन

**मनासा।** तीन दिन पहले नीमच में समाजसेवी अशोक अरोरा पर बदमाशो द्वारा फायरिंग कर जान लेवा हमला करने की घटना के विरोध में बुधवार को मनासा प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एसडीएम पवन बारिया को ज्ञापन सौंपकर बदमाशो की गिरफ्तारी की मांग की। प्रेस क्लब द्वारा दिए गए ज्ञापन में लिखा की नीमच जिला शांत प्रिय है। और कुछ माफिया प्रवृति के अपराधियों द्वारा समाजसेवी पर अंधाधुन फायरिंग कर हत्या करने का प्रयास कर जिले में अशांति फैलाने की कोशिश की गई। समाजसेवी अरोरा पर हुए हमले से जिले का आमजन और समाजसेवी एवं व्यापारी वर्ग में डर का माहोल है। अरोरा पर हुए हमले की प्रेस क्लब निंदा करता है और जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे और शांति कायम रहे इसको लेकर फायरिंग करने वाले बदमाशो की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने में प्रेस क्लब अध्यक्ष विजय पंवार,



सचिव दिनेश पडायपंती, सरक्षक गोपाल जोशी, कैलाश मंत्री, पत्रकार बी एल दमामी,रमेश गुर्जर, राकेश राठौर, मुकेश शर्मा, सुभाष व्यास, महेंद्र जैन टिंकू, फिरोज गोरी,सहित प्रेस क्लब सदस्य उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन अध्यक्ष विजय पंवार ने किया। एसडीएम बारिया ने कहा की प्रेस क्लब द्वारा जिन भावनाओं के साथ ज्ञापन सोपा है वो मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। और जिले में शांति बनी रहे इसको लेकर प्रशासन और पुलिस काम कर रहे है।

## छोटी खबरें

### रास्ता विवादों एंव अतिक्रमण के प्रकरणों का तत्काल निराकरण करवाएं-श्री जैन
#### कलेक्टर ने की जनसुनवाई, 76 लोगों की सुनी समस्याएं



**नीमच।** आम रास्तों तथा शासकीय एंव निजी भूमि पर अतिक्रमण के आवदनों का तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए मैलानखेडा के बंटीकुमार एवं विकास नगर नीमच के राजेन्द्र प्रसाद के आवेदन पर तहसीलदार जावद एवं जनपद सीईओ नीमच को दिए।

मेलानखेडा के बंटीकुमार ने जनसुनवाई में अपने मकान पर आने जाने के रास्ते पर चबुतरा निर्माण, पत्थर आदि डालकर रास्ते को अवरूद्ध करने के विरूद्ध कार्यवाही करने और मकान पर आने जाने का रास्ता दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

विकास नगर नीमच के राजेन्द्र प्रसाद ने सावन स्थित खेत की निजी भूमि के सामने अवैध रूप से रोडी, कचरा, मिटटी, लकडी आदि सामान रखकर मकान बनाने और खेत पर जाने का रास्ता रोकने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा रास्ता दिलाने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किया।

जनसुनवाई में एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टोरेट नीमच में मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए कलेक्टर दिनेश जैन ने 76 लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में बर्डिया की लीलाबाई बागरी ने जान से मारने की धमकी देने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, नीमच सिटी के वार्ड नम्बर 4 की गुडडीबाई ने गाली गलोच करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, जावद के ईकबाल ने वार्ड नं.2 से अतिक्रमण हटवाने, बरखेडा की गीताबाई भील ने आवास योजना का लाभ दिलवाने, रावतभाटा की देवकन्या गुर्जर ने सम्पति को विक्रय कर, दुर्व्यवहार करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, मालखेडा के टोली पारदी ने आवास हेतु अनुदान राशि स्वीकृत करने एवं उगरान के मांगीलाल गायरी ने स्वयं की भूमि का कब्जा दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

## हरदा में बड़ा हादसा, पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से 50 से ज्यादा घरों में लगी आग



**हरदा।** मध्य प्रदेश के हरदा जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है, शहर में बनी एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से 50 से ज्यादा घरों में भीषण आग लग गई है। विस्फोट के बाद लोग यहां वहां भागते हुए नजर आए। घटना में कुछ लोगों की मौत की आशंका भी जताई जा रही है। ब्लास्ट इतना तेज था कि उसकी आवाज सुनकर अचानक से लोग घबरा गए। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में बारूद रखा हुआ था, जिससे आग ने तेज रूप ले लिया।

जिस पटाखा फैक्ट्री में आग लगी है वह फैक्ट्री मगरधा रोड के पास बनी हुई है। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में बारूद रखी हुई थी, जहां फैक्ट्री में मंगलवार सुबह जोरदार विस्फोट हुआ और भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि 50 से ज्यादा घर उसकी चपेट में आए हैं, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। फैक्ट्री से उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर लोग हैरान है।

मामले की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है, इसके अलावा पूरे शहर के प्रशासन को अलर्ट पर किया गया है। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन जिस तरह से आग लगी है उससे यह बड़ी घटना मानी जा रही आग इतनी तेज है कि आसपास के सभी जिले नर्मदापुरम, भोपाल, बैतूल, सीहोर जिले से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को हरदा रवाना किया गया है, जबकि सभी जिलों से 35 ज्यादा एंबुलेंस की गाड़ियां भी मौके पर रवाना कर दी गई हैं। हरदा जिले के कलेक्टर ऋषि गर्ग और एसपी संजीव कुमार कंचन पूरे मामले के हालत संभाले हुए हैं। फिलहाल प्रशासन का पूरा अमला हरदा में एक्टिव है, क्योंकि इस घटना में बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की खबर है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से बारूद रखा हुआ था, ऐसे में जब बारूद में आग लगी तो कई घर उसकी चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री के आसपास मौजूद लोग इस घटना की चपेट में आए हैं, जिनमें से कई लोगों की मौत की खबर भी सामने आ रही है। सीएम मोहन यादव ने भी घटना की जानकारी ली है। सीएम ने हरदा की घटना को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी तलब की है। हरदा में फिलहाल प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

घटना के बाद मुख्यमंत्री ने आपात बैठक बुलाई, उन्होंने मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को तत्काल हरदा रवाना होने के निर्देश दिए, इसके अलावा कई वरिष्ठ अधिकारियों को भी हरदा रवाना किया गया है, जबकि राजधानी भोपाल और इंदौर में बर्न यूनिट को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं, क्योंकि घटना को देखकर इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस मामले में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। वहीं आसपास के जिलों को भी राहत और बचाव कार्य में जुटने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## बंशी गुर्जर पर हुआ प्राण घातक हमला, हालत अभी गंभीर, जिला चिकित्सालय रेफर




**मनासा।** मनासा क्षेत्र के चर्चाओं में रहने वाले बंशी गुर्जर पर हुआ प्राण घातक हमला हुआ। जिसमें उसकी हालत गंभीर बताई जा रही। बड़कुआ के ईदरीश और उसके साथियों ने बुलाकर किया हमला। बंशी की हालत अभी गंभीर है। नीमच ज़िले में जहा अंचल के प्रख्यात समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर पर आरोपी बाबू फकीर द्वारा जानलेवा हमला किया गया। वहीं इस घटना की गुत्थी अभी पुलिस द्वारा सुलझी ही नहीं की मनासा क्षेत्र के बंशी गुर्जर पर प्राण घातक हमला हो गया।

इसी सप्ताह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है, जिसने रामपुरा थाना इलाक़े के बंशी गुर्जर पर जानलेवा हमला कर दिया। सुत्रों के अनुसार सुबह बड़कुआ के ईदरीश और उसके साथियों ने बुलाया तथा धोखे से हमला कर दिया। बंशी गुर्जर के सिर पर गंभीर चोट आई है। हालत नाज़ुक बताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बंशी गुर्जर ने अपराध की दुनिया को छोड़कर एक नई ज़िंदगी की शुरुआत की है, बंशी गुर्जर का यही नया जीवन लोगो को खटक रहा था, बंशी गुर्जर एक समाजसेवी की भूमिका निभा रहा है।

ईदरीश और अन्य लोगो ने बंशी को जान से मारने की योजना रची और हमला कर दिया। बंशी की हालत गंभीर देखते हुए उसे नीमच जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहा वो उपचाररत है।

## हरदा की दुःखद घटना में घायलों के इलाज के लिए हरसंभव व्यवस्था - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की तत्काल सहायता, गृह सचिव करेंगे घटना की जाँच**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा में हुई त्रासदपूर्ण दुर्घटना के संबंध में मंत्रालय में आपात बैठक बुलाकर तत्काल मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री अजीत केसरी तथा डीजी होमगार्ड को रवाना किया। इसके साथ ही पुलिस बल भी घटना स्थल पर पहुंच गया ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि हरदा की घटना अत्यंत दुखद है। एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छह लोगों की मृत्यु हुई है और लगभग 50 लोग घायल हुए हैं। जिनकी मृत्यु हुई है उनके परिजनों को चार लाख रूपए की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। घायलों का इलाज किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री सहायता कोष से प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए दो-दो लाख रुपए की सहायता की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हरदा के आसपास के क्षेत्र से एंबुलेंस हरदा पहुंचाई जा रही हैं । हेलीकॉप्टरों की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया गया है। भोपाल, इंदौर में मेडिकल कॉलेज और एम्स भोपाल में बर्न यूनिट को तैयारी रखने के निर्देश दे दिए गए हैं। नर्मदापुरम में भी अस्पतालों में घायलों के उपचार के लिए व्यवस्था की गई है। घायलों को लाने के लिए ग्रीन कॉरीडोर बनाया जाएगा। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित प्रशासनिक अमले को राहत कार्यों के लिए तत्काल सक्रिय किया गया। हरदा के लिए 50 से अधिक एंबुलेंस रवाना की गई हैं। भोपाल, इंदौर, होशंगाबाद सहित आसपास के नगरों के अस्पतालों में बर्न यूनिट तत्काल आरंभ की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घटना के संबंध में भारत सरकार को भी अवगत कराया गया है। आग पर काबू पाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। घायलों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है और उनका इलाज निःशुल्क शुरू कर दिया गया है। बाबा महाकाल सब पर कृपा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी हालत में घटना की पुनरावृत्ति न हो ऐसे प्रयास किये जायेंगे। घटना की जाँच के आदेश दिए गए हैं। गृह सचिव जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जल्द ही आग पर काबू पाया जाएगा। सरकार पूरी तरह सजग और मुस्तैद है। राहत और व्यवस्था बहाल करने के लिए सभी प्रकार के प्रबंध किए जा रहे हैं।

हरदा में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट घटना हृदय विदारक है। घटना के समाचार से सभी का मन द्रवित है। राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ है। भोपाल में हमीदिया और इंदौर में एम वाय हॉस्पिटल को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

घायलों को लाने के लिए सेना की सहायता भी ली जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राहत गतिविधियों पर स्वयं नजर रखे हुए हैं।

वहीं मंत्री गण ने घायल लोगों के समुचित इलाज का कार्य सुनिश्चित किया है। किसी भी घायल व्यक्ति के इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# केन विलियमसन ने तूफानी शतक ठोककर रिकॉर्ड्स का लगाया



**NZ vs SA Test केन विलियमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में तूफानी शतक जमाया। यह उनके टेस्ट करियर का 30वां शतक रहा। केन विलियमसन 30वां टेस्ट शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के पहले बैटर बन गए हैं। उन्होंने रविवार यानी 4 फरवरी को अपनी 169वीं पारी के दौरान ये रिकॉर्ड हासिल किया।**

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बे ओवल में खेला जा रहा है। इस मैच के पहले दिन के खेल में न्यूजीलैंड टीम ने धमाकेदार शुरुआत की। कीवी टीम के अनुभवी बैटर केन विलियमसन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए शतक जमाया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक विलियमसन नाबाद रहे। उन्होंने 15 चौकों की मदद से 112 रन बनाए और अपने टेस्ट करियर का 30वां टेस्ट शतक जड़ा। उन्होंने इस दौरान महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के स्पेशल क्लब में एंट्री कर ली।

**Kane Williamson ने तूफानी शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर के खास क्लब में मारी एंट्री**

दरअसल, केन विलियमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में तूफानी शतक जमाया। यह उनके टेस्ट करियर का 30वां शतक रहा। केन विलियमसन 30वां टेस्ट शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के पहले बैटर बन गए हैं। उन्होंने रविवार को अपनी 169वीं पारी के दौरान ये रिकॉर्ड हासिल किया। ये उनका साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरा शतक रहा और टेस्ट क्रिकेट में अपनी सरजमीं पर 17वां शतक रहा। केन विलियमसन ने तूफानी शतक जड़कर रिकी पोटिंग (170 पारियां), सुनील गावस्कर (174 पारियां) को पछाड़ दिया, जिन्होंने उनसे ज्यादा पारियों में 30वां टेस्ट शतक जड़ा था। केन विलियमसन ने 30वां टेस्ट शतक जड़ने के मामले में मास्टर ब्लास्ट सचिन तेंदुलकर, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू हेडन के क्लब में एंट्री मार ली।

बता दें कि टेस्ट में एक्टिव प्लेयर्स के बल्ले से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के मामले में स्टीव स्मिथ का नाम है। उन्होंने अब तक 32 सेंचुरी लगाई है। इसके बाद केन विलियमसन हैं जिनके नाम 30 टेस्ट शतक हैं। वहीं जो रूट का नाम 30 शतक के साथ चौथे नंबर पर हैं। वहीं, केन विलियमन न्यूजीलैंड टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं, जिन्होंने इस फॉर्मेट में अब तक 8300 रन बना लिए हैं। उनके बाद रॉस टेलर दूसरे स्थान पर 7683 रन दर्ज हैं।

**न्यूजीलैंड के नाम रहा पहले दिन का खेल**

अगर बात करें मैच की तो केन विलियमसन और रचिन रविंद्र की शतकीय पारी के दम पर पहले दिन का खेल न्यूजीलैंड के नाम रहा। टॉम लैथन और डिवोन कॉन्वे सस्ते में पवेलियन लौटे, लेकिन विलियमसन और रचिन के पारी को संभाला। पहले दिन स्टंस तक न्यूजीलैंड का स्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 258 रन रहा। रचिन (118*) और केन (112*) रन बनाकर नाबाद लौटे।

# Share Market: हफ्ते के दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 400 और निफ्टी 100 अंक चढ़ा

**Share Market: आज सुबह शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ खुला था पर बाद में बाजार में तेजी देखने को मिली है। आज बाजार बंद होते समय दोनों सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स और निफ्टी अंक चढ़कर बंद हुए हैं। वहीं डॉलर के मुकाबले रुपया हल्की गिरावट के साथ बमद हुए। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है।**




**नई दिल्ली।** मंगलवार को शेयर बाजार बढ़त हासिल करके बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। आज बाजार में हल्की बढ़त देखने को मिली है। आज दोनों सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए हैं।

आज सेंसेक्स 454.67 अंक या 0.63 फीसदी की तेजी के साथ 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 157.70 अंक या 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,929.40 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी पर लगभग 1983 शेयर हरे और 1285 शेयर लाल निशान पर बंद हुआ। आज बैंक, एफएमसीजी और पावर को छोड़कर बाकी सभी इंडेक्स यानी ऑटो, ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर सर्विस, मेटल औक आईटी इंडेक्स में तेजी आई है। यह 1-3 प्रतिशत की बढ़त के साथ हरे रंग में बंद हुए। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 1 फीसदी की तेजी आई।

**टॉप गेनर औप लूजर स्टॉक**

निफ्टी पर बीपीसीएल, एचडीएफसी लाइफ, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाल निशान पर बंद हुए।

सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मारुति, विप्रो, लार्सन एंड टुब्रो, इंफोसिस, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हो गया।

**गलोबल मार्केट का हाल**

एशियाई बाजारों में, शंघाई और हांगकांग अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए जबकि सियोल और टोक्यो नकारात्मक क्षेत्र में बंद हुए। यूरोपीय बाज़ार ज़्यादातर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। सोमवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 518.88 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.09 प्रतिशत गिरकर 77.92 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

**रुपये में गिरावट**

आज डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे की गिरावट के साथ बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.03 पर खुला और ग्रीनबैक के मुकाबले इंट्रा-डे में 83.06 के निचले स्तर को छू गया।

अंततः अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.05 (अनंतिम) पर बंद हुई, जो पिछले दिन से 2 पैसे की गिरावट दर्ज करती है। सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे गिरकर 83.03 पर बंद हुआ।

# सुकन्या समृद्धि योजना 31 मार्च तक यह काम नहीं किया तो बंद हो जाएगा अकाउंट, जानिए क्यों




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने महिलाओं और बच्चों के लिए कई स्कीम्स चला रही है। यह स्कीम्स महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई है। इन स्कीम में से एक सुकन्या समृद्धि योजना है। यह स्कीम खासकर बेटियों के लिए शुरू किया गया था। इस स्कीम में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निवेश किया जाता है। इस स्कीम में सुकन्या समृद्धि अकाउंट को एक्टिव रखने के लिए मिनिमम बैलेंस रखना जरूरी है। अगर निवेशक मिनिमम बैलेंस को मैंटेन नहीं करता है तो उनका अकाउंट फ्रीज हो जाएगा। दोबारा अकाउंट को एक्टिव करने के लिए पेनल्टी देना होगा।

**कब तक मैंटेन करना होता मिनिमम बैलेंस**

31 मार्च 2024 तक अकाउंट होल्डर को मिनिमम बैलेंस को मैंटेन करना होता है। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो उनका अकाउंट इनएक्टिव हो जाएगा। अकाउंट को दोबारा शुरू करने के लिए खाताधारक को जुर्माना देना होगा।

**मिनिमम बैलेंस के लिए कितना जमा करना होता है राशि**

सुकन्या समृद्धि योजना में मिनिमम बैलेंस 250 रुपये है। खाताधारक को एक वित्त वर्ष में कम से कम 250 रुपये जमा करना होता है। अगर वह पूरे वित्त वर्ष में 250 रुपये नहीं जमा करते हैं तो उनका अकाउंट इनएक्टिव हो जाएगा। इनएक्टिव अकाउंट को दोबारा शुरू करने के लिए 50 रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से जुर्माना देना होगा। सुकन्या समृद्धि योजना सरकार 8.2 फीसदी की हिसाब से ब्याज देता है। इस स्कीम में निवेशक को एक वित्त वर्ष में कम से कम 250 रुपये और अधिकतम 1.50 लाख रुपये का निवेश करना होता है। यह स्कीम 21 साल के बाद मैच्योर हो जाता है। जब बेटी की उम्र 18 साल की हो जाती है तब वह सुकन्या समृद्धि अकाउंट से 50 फीसदी राशि विड्रॉ कर सकते हैं।

**सुकन्या समृद्धि योजना में मिलता है टैक्स का लाभ**

सुकन्या समृद्धि योजना में सरकार टैक्स बेनिफिट की सुविधा देता है। इस पर तीन असर स्तर पर टैक्स का छूट दिया जाता है। आयकर अधिनियम के 80ष्ट के तहत 1.50 लाख रुपये का सालाना निवेश का टैक्स डिडक्शन का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा इस योजना में मिलने वाले रिटर्न पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस योजना में मैच्योरिटी पर मिलने वाली राशि पर कोई टैक्स नहीं लगता है यानी कि यह टैक्स फ्री होता है।

# SBI Alert: फेक जॉब ऑफर स्कैम में फंस सकते हैं आप, इन टिप्स को करें फोलो




**देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक एसबीआई की ओर से बैंक के ग्राहकों को जरूरी सूचना दी गई है। अगर आप भी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक हैं तो बैंक के इस लेटेस्ट अपडेट के बारे में जानना चाहिए। एसबीआई ने ग्राहकों को उनकी साइबर सुरक्षा का ध्यान रखने को कहा है। कंपनी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है।**

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक एसबीआई की ओर से बैंक के ग्राहकों को जरूरी सूचना दी गई है। अगर आप भी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक हैं तो बैंक के इस लेटेस्ट अपडेट के बारे में जानना चाहिए।

**साइबर सुरक्षा को लेकर रहें सचेत**

दरअसल, एसबीआई ने ग्राहकों को उनकी साइबर सुरक्षा का ध्यान रखने को कहा है। कंपनी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में बैंक ने ग्राहकों को फेक जॉब ऑफर स्कैम से बचने की सलाह दी है। बैंक ने वॉट्सऐप के जरिए किसी भी जॉब ऑफर मिलने को लेकर सचेत रहने को कहा है। बैंक ने कहा है कि ग्राहकों को वॉट्सऐप के जरिए किसी भी तरह की जॉब ऑफर के लिए पेमेंट नहीं करनी है। यह एक झूठा प्रपोजल हो सकता है। किसी भी जॉब ऑफर के लिए पेमेंट करने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखा जाए तो आप स्कैम में फंसने से बच सकते हैं।

**वॉट्सऐप पर जॉब ऑफर मिले तो ध्यान रखें ये बातें**

वॉट्सऐप पर आपको कोई जॉब ऑफर मिलता है तो सबसे पहले मैसेज भेजने वाले शख्स की पहचान सत्यापित कर लें। जॉब ऑफर मिलने पर किसी भी तरह के सिक्योरिटी डिपॉजिट के लिए पैसे पे करने को कहा जाए तो न करें।

किसी नामी कंपनी के नाम पर पैसे लिए जा रहे हैं तो ऐसा बिल्कुल भी न करें, क्योंकि नामी कंपनियां कभी भी पैसे नहीं लेती हैं।

वॉट्सऐप पर मिले किसी भी फॉरवर्ड मैसेज पर यकीन न करें, यह अनवेरिफाइड सोर्स से होता है।

स्पैम मैसेज को फॉरवर्ड करने से बचें। किसी भी तरह के ऑफर में फ्री में मिलने वाले सामान को लेकर झांसे में न आएं।

# 22 साल की उम्र में दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने यशस्वी

**IND vs ENG यशस्वी टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। जायसवाल ने 22 साल 37 दिन की उम्र में दोहरा शतक जड़ने का कमाल किया। इस लिस्ट में टॉप पर विनोद कांबली मौजूद हैं। कांबली ने 21 साल 35 दिन की उम्र में 1993 में इंग्लैंड के खिलाफ 224 रन की पारी खेली थी।**



**नई दिल्ली।** भारत के उभरते हुए स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया है। जायसवाल ने पूर्व भारतीय दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर और विनोद कांबली की बराबरी कर ली है। यशस्वी टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

**जायसवाल ने 22 साल 37 दिन की उम्र में दोहरा शतक जड़ने का कमाल किया।**

इस लिस्ट में टॉप पर विनोद कांबली मौजूद हैं। कांबली ने 21 साल 35 दिन की उम्र में 1993 में इंग्लैंड के खिलाफ 224 रन की पारी खेली थी। दूसरी बार विनोद कांबली ने 1993 में 21 साल 55 दिन की उम्र में जिम्बाब्वे के खिलाफ 227 रन की पारी खेली।

**दोहरा शतक लगाने वाले चौथे बाएं हाथ के बल्लेबाज**

इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर का नाम दर्ज है। उन्होंने 21 साल 283 दिन की उम्र 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 220 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल कम उम्र में दोहरा शतक जड़ने वाले खिलाड़ी तो बने ही इसके अलावा वह चौथे बाएं हाथ के बल्लेबाज बने, जिन्होंने दोहरा शतक जड़ा है। इस लिस्ट में सौरव गांगुली पहले स्थान पर हैं।

**टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने वाले भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज**

239 सौरव गांगुली बनाम पाकिस्तान बेंगलुरु 2007
227 विनोद कांबली बनाम जिम्बाब्वे दिल्ली 1993
224 विनोद कांबली बनाम इंग्लैंड मुंबई 1993
206 गौतम गंभीर बनाम ऑस्ट्रेलिया दिल्ली 2006
209 यशस्वी जायसवाल बनाम इंग्लैंड विशाखापट्टनम 2024

22 साल की उम्र में भारत के लिए सर्वोच्च स्कोरर
227 विनोद कांबली
224 विनोद कांबली
220 सुनील गावस्कर
209 यशस्वी जायसवाल
179 सचिन तेंदुलकर
171 यशस्वी जायसवाल

**पहला टेस्ट मैच गंवाने के बाद भारत ने दूसरे टेस्ट मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 396 रन बनाए।**

भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने 209 रन बनाए। शुभमन गिल ने 34 रन और रजत पाटीदार ने 32 रन की पारी खेली। अक्षर पटेल ने 27 रन तो अश्विन ने 20 रन का योगदान दिया।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ जीती टी20 सीरीज, चौथे मुकाबले में 18 रन दी मात

**पांच मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला भी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत 6 फरवरी को इंग्लैंड का सामना करेगा। पूरी सीरीज में भारत के लिए सैंटे ने दमदार प्रदर्शन किया है। चौथे मैच में की बात करें तो चार ओवर में 21 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद भारत के कप्तान विक्रांत केनी और लोकेश मार्गाडे ने पारी को संभाला।**



**नई दिल्ली।** भारतीय फिजिकल डिसेबिलिटी क्रिकेट टीम ने शनिवार को अहमदाबाद में एक रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने 3-1 से सीरीज पर कब्जा जमाया। रवींद्र सांते को उनके असाधारण हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। सैंटे ने बल्ले, गेंद और फील्डिंग से महत्वपूर्ण योगदान दिया और भारत की जीत सुनिश्चित की।

पांच मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला भी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत 6 फरवरी को इंग्लैंड का सामना करेगा। पूरी सीरीज में भारत के लिए सैंटे ने दमदार प्रदर्शन किया है। चौथे मैच में की बात करें तो चार ओवर में 21 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद भारत के कप्तान विक्रांत केनी और लोकेश मार्गाडे के बीच तीसरे विकेट के लिए महत्वपूर्ण 50 रन की साझेदारी की। केनी ने 28 रन और मार्गाडे ने 21 रन का योगादान दिया।

**सैंटे की कैमियो पारी से भारत ने बनाया सम्मानजनक स्कोर**

सैंटे ने नाबाद 30 रन की पारी खेली, जिससे भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 150 रन का स्कोर बोर्ड पर लगाया। इसके जवाब में इंग्लैंड 131 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंचने के लिए संघर्ष करता रहा और तीन गेंद शेष रहते ऑल आउट हो गया। सैंटे ने सलामी बल्लेबाज एलेक्स को रन आउट कर पवेलियन की राह दिखाई। सनी और अखिल रेड्डी ने तीन-तीन विकेट लिए।

**लियाम ओ%ब्रायन का अर्धशतक न आया काम**

इंग्लैंड के लिए लियाम ओ%ब्रायन 44 गेंद में 58 रनों के साथ सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। बेन सटन 11 रन बनाने में सफल रहे और एंथोनी 25 रन का योगदान दिया।

भारत जहां आखिरी मुकाबला जीतकर अपना दबदबा कायम रखना चाहेगा तो वहीं, इंग्लैंड के साथ विदाई लेना चाहेगा।

# तेल कंपनियों को हो रहा है Petrol-Diesel में घाटा, क्या आपके शहर में बढ़ सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम




**नई दिल्ली।** मई 2022 से राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज ऑयल इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया कि तेल कंपनियों को डीजल बेचने पर लगभग 3 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा,जबकि अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में हालिया मजबूती के कारण पेट्रोल पर मुनाफा कम हो गया है। इन नुकसान की जानकारी उद्योग के अधिकारियों ने दिया है। उन्होंने खुदरा कीमतों को जारी रखने के कारणों का विवरण देते हुए पेट्रोल-डीजल के नुकसान के बारे में बताया है। बता दें कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत के लगभग 90 प्रतिशत ईंधन बाजार को नियंत्रित करते हैं। इन्होंने स्वेच्छा से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में बदलाव नहीं किया है। अब लगभग दो वर्षों से इन्होंने इनकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। ऐसे में जब इनपुट लागत अधिक थी तो घाटा हुआ और जब कच्चे माल की कीमतें कम थीं तो मुनाफा हुआ।

**तेल की जरूरतों के लिए भारत आयात पर निर्भर**

अंतर्राष्ट्रीय तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। भारत अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि देश में इनकी कीमतें बेहद अस्थिर बनी हुई हैं। एक दिन इनकी कीमत बढ़ रही हैं और दूसरे दिन गिर रही हैं। इस वजह से तेल कंपनियां अपने पिछले घाटे की पूरी तरह से भरपाई नहीं कर पाया है। उद्योग के एक अधिकारी ने कहा, डीजल पर घाटा हो रहा है। अब तेल कंपनियों को लगभग 3 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है।

वहीं, पेट्रोल पर मुनाफा मार्जिन कम होकर लगभग 3-4 रुपये प्रति लीटर हो गया है। ईंधन मूल्य संशोधन के बारे में पूछे जाने पर तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडिया एनर्जी वीक के मौके पर बताया कि सरकार कीमतें तय नहीं करती है और तेल कंपनियां सभी आर्थिक पहलुओं पर विचार करके अपना निर्णय लेती हैं। इसके आगे वह कहते हैं कि (बाजार में) अभी भी अस्थिरता है।

**तेल कंपनियों के तिमाही नतीजे**

चालू वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीने में आइओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल का संयुक्त नेट प्रॉफिट 39,356 करोड़ रुपये है। यह वार्षिक कमाई से बेहतर था। यह जानकारी कंपनी के विनियामक फाइलिंग से पता चला है।

कंपनियों ने अप्रैल-सितंबर 2022 के दौरान 21,201.18 करोड़ रुपये का संयुक्त घाटा दर्ज किया था, जबकि पिछले दो वर्षों में 22,000 करोड़ रुपये की घोषणा की गई थी, लेकिन एलपीजी सब्सिडी का भुगतान नहीं किया गया था। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय कीमतों में नरमी और सरकार द्वारा एलपीजी सब्सिडी देने से आईओसी और बीपीसीएल को 2022-23 (अप्रैल 2022 से मार्च 2023 वित्तीय वर्ष) के लिए वार्षिक लाभ कमाने में मदद मिली, लेकिन एचपीसीएल घाटे में रही। तीनों कंपनियों ने पहली दो तिमाहियों (अप्रैल-जून और जुलाई-सितंबर) में रिकॉर्ड तिमाही आय दर्ज की, जब अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतें - जिसके मुकाबले घरेलू दरें बेंचमार्क हैं - एक साल पहले की तुलना में लगभग आधी होकर 72 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गईं।अगली तिमाही में अंतर्राष्ट्रीय कीमतें फिर से बढ़कर 90 अमेरिकी डॉलर हो गईं, जिससे उनकी कमाई में कमी आई।

# बीएसई के पूंजीकरण ने लगाई लंबी छलांग, 386 लाख करोड़ का नया उच्च स्तर कराया दर्ज




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को रही तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 4.21 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इससे बीएसई का कुल पूंजीकरण 386.83 लाख करोड़ रुपये के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। मंगलवार को बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 454.67 अंक की तेजी के साथ 72,186.09 के स्तर पर जाकर बंद हुआ।

इसी प्रकार, एनएसई का निफ्टी 157.70 अंकों की तेजी के साथ 21,929.40 अंक पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि टीसीएस और इन्फोसिस जैसी दिग्गज आइटी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी, विदेशी निवेश के प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते घरेलू बाजारों में तेजी का माहौल रहा। चीन के बाजारों में सुधार से भी निवेशक उत्साहित दिखे हैं।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि एमपीसी की बैठक के फैसलों से निवेशक बिकवाली से बचते दिख रहे हैं। साथ ही आगामी मौद्रिक नीति में नरमी की उम्मीदों से बांड बाजार को बढ़ावा मिला है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के अजीत मिश्रा का कहना है कि बैंकिंग को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों को समय-समय पर खरीदार मिल रहे हैं। इससे सेंसेक्स को सकारात्मक बने रहने में मदद मिल रही है।

**टीसीएस का पूंजीकरण 15 लाख करोड़ के पार**

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर मंगलवार को बीएसई में 4.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,133.45 के स्तर पर जाकर बंद हुए। इस तेजी से कंपनी के पूंजीकरण में 75,074.88 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इसके साथ कुल पूंजीकरण 15 लाख करोड़ के पार पहुंचते हुए 15.12 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एनएसई में कंपनी के शेयर 3.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,129.35 रुपये प्रति इकाई पर बंद हुए।

# Forts in Jaisalmer: सूरज की किरणों से चमक उठते हैं जैसलमेर के ये दो किले, आप भी हो जाएंगे इनकी खूबसूरती के कायल



**जैसलमेर कई वजहों से दुनियाभर से काफी मशहूर है। इस शहर की खूबसूरती को निहारने दुनियाभर से लोग यहां आते हैं। राजस्थान अपने किलों और महलों के लिए देश-विदेश में जाना जाता है। जैसलमेर (Forts in Jaisalmer) में भी कुछ ऐसे किले हैं जिनका दीदार करने लोग दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं।**

**HIGHLIGHTS**

**जैसलमेर राजस्थान का एक बेहद खूबसूरत शहर है।**

**इसे गोल्डन सिटी ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है।**

**यहां मौजूद दो किले शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं।**

**नई दिल्ली।** भारत अपनी संस्कृति और परंपराओं के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां कई ऐसे शहर मौजूद हैं, जो अपनी खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। यही वजह है कि भारत पर्यटन के लिहाज से एक प्रमुख स्थल साबित होता है। राजस्थान भारत का ऐसा ही एक राज्य है, जो अपनी रंग-बिरंगी संस्कृति और विभिन्न परंपराओं के लिए जाना जाता है। यहां का खानपान, रहन-सहन और पहनावा हमेशा से ही लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता आया है।हालांकि, यहां मौजूद खूबसूरत महल और किले भी लंबे समय से लोगों का आकर्षण रहे हैं। इन किलों को देखने दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। जैसलमेर राजस्थान का एक बेहद खूबसूरत शहर है, तो कई वजहों से मशहूर है। यहां की खूबसूरती निहारने देश ही नहीं विदेश से भी लोग हर साल भारी संख्या में आते हैं। अगर आप भी जैसलमेर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इन किलों को देखना न भूलें।

**जैसलमेर किला**

अगर आप जैसलमेर में हैं, तो यहां के सबसे खूबसूरत और मशहूर किले में से एक जैसलमेर किला जरूर घूमें। त्रिकुटा पर्वत पर बना यह भव्य किला यूनेस्को की विश्व धरोहर की लिस्ट शामिल है। जैसलमेर किले का निर्माण वर्ष 1156 में भाटी राजपूत राजा रावल जैसल ने करवाया था। यह पूरा किला पीले बलुआ पत्थर से बना हुआ है, जो देखने में बेहद खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती शाम में सूर्यास्त के समय और भी ज्यादा बढ़ जाती है। सूर्य की किरणें पर किले पर पड़ती है, तो इसकी पीली दीवारें सोने की तरह चमक उठती है। किले की इसी खूबसूरती को देखते हुए जैसलमेर किले को सोनार किला या स्वर्ण किला भी कहा जाने लगा।

**खाबा किला**

जैसलमेर से 40 मिनट की दूरी पर स्थित खाबा किला भी यहां देखने लायक बेहद खूबसूरत जगह है। 14वीं शताब्दी में इस किले को पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा बनाया गया था। हालांकि, 19वीं सदी में भयंकर सूखे के कारण इस किले को छोड़ दिया गया था। यही वजह है कि इस किले में वीरान शहर के अतीत की झलक दिखाई देती है।

यह शहर के समृद्ध इतिहास और जीवंत संस्कृति की झलक पेश करता है। सूर्यास्त के समय इस किले की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। सूर्यास्त के समय के सुनहरी किरणें बंजर रेगिस्तान में बने इस किले अपनी चमक से नहलाती है।

यह शानदार किला रेगिस्तान के बीच सदियों से खड़ा हुआ है और राजस्थान की वास्तुकला कौशल का प्रमाण देता है।

# सेहत के लिए वरदान है भिगोए हुए अखरोट, जानें इसे रोज सुबह खाने के अनेकों फायदे

**नई दिल्ली।** Walnut Benefits: सुबह के समय हमेशा कुछ हेल्दी खाने की कोशिश करनी चाहिए। इससे स्वास्थ्य को काफी फायदा भी मिलेगा और दिनभर काम करने की एनर्जी भी मिलेगी। ऐसा ही एक फूड आइटम है, अखरोट। दिमाग जैसा दिखने वाला यह ड्राई फ्रूट कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

इसलिए रोज सुबह इसे खाना काफी लाभदायक साबित हो सकता है। इसे आप चाहें, तो बादाम की तरह रात भर पानी में भिगोकर, सुबह खा सकते हैं या दूध के साथ भी खा सकते हैं। आइए जानते हैं, सुबह के समय अखरोट किन पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो इसे खाने से आपको मिल सकते हैं।



**ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर**

अखरोट उन फूड आइटम्स में शामिल है, जिनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड काफी अधिक मात्रा में होता है। यह एक प्रकार का हेल्दी फैट होता है, जो दिल को हेल्दी रखने के लिए बेहद जरूरी होता है। यह दिल से जुड़ी बीमारियों से बचने में काफी मददगार होता है।

**एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर**

अखरोट एंटी-ऑक्सीडेंट्स का एक बेहतरीन स्त्रोत है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स इम्यूनट सिस्टम को मजबूत करने में और दिल को हेल्दी रखने में काफी मदद करते हैं। एंटी-ऑक्सीडेंट्स फ्री रेडिकल डैमेज से बचाव करने में सहायक होते हैं, जिस कारण से सेल्स डैमेज नहीं होते और इंफ्लेमेशन भी कम होता है।

**एनर्जी का बेहतरीन स्त्रोत**

अखरोट काफी कैलोरी डेंस फूड आइटम माना जाता है, जिस कारण से इसे थोड़ी मात्रा में खाने से भी काफी एनर्जी मिलती है। इसलिए इसे सुबह खाने से आपको अपने दिन भर के काम करने के लिए काफी ऊर्जा मिल जाती है।

**फाइबर से भरपूर**

अखरोट में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन के साथ-साथ वजन कम करने में भी काफी मददगार हो सकता है। फाइबर की वजह से काफी समय तक पेट भरा रहता है और बार बार भूख नहीं लगती। इस कारण से वजन कंट्रोल रहता है। इसके अलावा, फाइबर की वजह से, यह अचानक से ब्लड शुगर लेवल नहीं बढ़ता, इस कारण से यह डायबिटीज से बचने में भी मदद करता है।

**विटामिन-ई से भरपूर**

अखरोट में विटामिन-ई पाया जाता है, जिस कारण से यह त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है। विटामिन-ई फाइन लाइंस, झुर्रियां, स्किन लूज होना जैसी कई एजिंग की समस्याओं से बचाने में मदद करता है।

# International Trip: अगर आप भी पहली बार किसी विदेश यात्रा के लिए भरने वाले हैं उड़ान

इंटरनेशनल ट्रिप पर जाना काफी रोमांचक हो सकता है। नए लोग नई संस्कृति नए अनुभव आपके ट्रिप को यादगार बनाते हैं। हालांकि पहली बार किसी विदेश यात्रा पर जाना काफी कंफ्यूजिंग हो सकता है। इसलिए किसी अंतर्राष्ट्रीय ट्रिप पर जाने से पहले कुछ जरुरी टिप्स का ध्यान रखें ताकि सफर के दौरान आपको कोई तकलीफ न हों। जानें कैसे बना सकते हैं अपनी इंटरनेशनल ट्रिप को शानदार। विदेश यात्रा को इन टिप्स से बनाएं यादगार

**नई दिल्ली।** International Trip: शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जो किसी इंटरनेशनल ट्रिप पर न जाना चाहता हो। हम सभी अपनी लाइफ में एक न एक बार तो किसी विदेश यात्रा पर जरूर जाना चाहते हैं। किसी अंतर्राष्ट्रीय ट्रिप पर जाना बेहद रोमांचक हो सकता है। नई जगहों पर घूमना, नए लोगों से मिलना, स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ लेना और एक नए कल्चर के बारे में जानना, उसे एक्सप्लोर करना काफी एक्साइटिंग होता है।



इतना ही नहीं, इंटरनेशनल ट्रिप जो अनुभव आपको दे सकता है, वह शायद ही किसी और तरीके से आपको मिल पाए। हालांकि, आपकी कुछ गलतियां आपके पूरे ट्रिप के मजे को किरकिरा कर सकती हैं। इसलिए अगर आप भी पहली बार किसी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं, तो उससे पहले कुछ जरूरी बातों के बारे में जानना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं, इंटरनेशनल ट्रिप का प्लान बनाने से पहले किन बातों को ध्यान में रखना जरूरी है।

**अपना बजट सेट करें**

किसी भी इंटरनेशनल ट्रिप पर जाने से पहले अपने बजट को सेट करना बेहद जरूरी है। ट्रिप से लौटने के बाद भी आपके पास कुछ सेविंग्स बची होनी चाहिए, ताकि किसी इमरजेंसी को स्थिति में परेशानी न हो। इसलिए अपनी ट्रिप प्लान करते वक्त ऐसी जगह को चुनें जो आपके बजट में आसानी से फिट हो जाए। आने जाने की फ्लाइट की टिकट्स, वीजा, हेल्थ और ट्रेवल इंश्योरेंस आदि को ध्यान में रख कर अपना बजट बनाएं। इसके अलावा, वहां रहने, खाने पीने, आप क्या क्या एक्टिविटीज करना चाहते हैं, इन सभी चीजों के बारे में भी रिसर्च करें और एक अनुमानित बजट बनाएं। इसके अलावा इस बात का भी खास ध्यान रखें कि अपने अनुमानित बजट से ज्यादा पैसे आपके पास हों, ताकि ट्रिप में कोई परेशानी न हो।

**आइटीनरी प्लान करें**

आप जिस जगह पर घूमने जा रहे हैं, वहां क्या-क्या टूरिस्ट अट्रैक्शन स्पॉट्स हैं। वहां आप कौन-कौन सी एक्टिविटीज कर सकते हैं। इन बातों के बारे में थोड़ी खोज-बीन कर, आप अपना ट्रैवल प्लान बना सकते हैं। आप ही की तरह और भी कई लोग उस जगह घूमने जा रहे हैं। इसलिए वहां के होटल्स के बारे में रिसर्च करके, आप प्री-बुकिंग कर सकते हैं। इससे आपको वहां जाने के बाद होटल खोजने की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। फ्लाइट की टिक्ट्स भी प्री-बुक कर लें, ताकि आपको अपनी पसंद की सीट भी मिल जाए और आपके लिए थोड़ा पॉकेट फ्रेंडली भी रहेगा।

**स्मार्ट पैकिंग करें**

पैक करते समय ज्यादा चीजें पैक न करें। सिर्फ वही चीजें पैक करें, जिसकी आपको सच में जरूरत होगी। ज्यादा चीजों को भरकर अपना बैग भारी न करें क्योंकि बैग आपको ही कैरी करना है। इसके अलावा, आप जिस जगह जा रहे हैं, वहां के मौसम और कल्चर के हिसाब से कपड़ों आदि की पैकिंग करें।

हालांकि, ऐसा न करें कि आपको सिर्फ यहीं ट्रैवल प्लान फॉलो करना है। आप अपनी इच्छा अनुसार और भी कई एक्टिविटी कर सकते हैं।

वहां की भाषा के कुछ वाक्य सीख लें कई देशों में, वहां के लोगों के लिए अंग्रेजी तीसरी भाषा होती है, जो वे या तो बोलना पसंद नहीं करते या उन्हें समझ नहीं आती। इसलिए वहां की भाषा के कुछ आम वाक्य, जैसे- थैंक्यू, हेलो, यह जगह कहां है आदि। इससे आपको वहां के लोगों से बात-चीत करने में थोड़ी आसानी होगी।

**ट्रेवल इंश्योरेंस कराएं**

इंटरनेशनल ट्रिप पर आपके साथ आपके परिवार और दोस्त नहीं होते हैं। इसलिए अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए, ट्रेवल इंश्योरेंस जरूर कराएं, ताकि अगर आपको सामान खो जाता है या चोरी हो जाए, तो इंश्योरेंस इसमें आपकी मदद कर सकता है।

# Animal को लेकर कैसा था Shah Rukh Khan का रिएक्शन, डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने किया खुलासा


**Shah Rukh Kha On Animal रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बीते साल की सबसे अधिक सफल फिल्मों में से एक रही है। इस मूवी को लेकर सेलेब्स ने तरह से रिएक्शन दिए हैं। ऐसे में अब निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने इस बात का खुलासा किया है कि शाह रुख खान ने इस फिल्म का टीजर को देखने के बाद कैसा रिएक्शन दिया था।**


**नई दिल्ली।** Shah Rukh Khan On Ranbir Kapoor Animal: कबीर सिंह डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल को लेकर काफी बातचीत हुई है। बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंड़े गाड़ कर इस मूवी ने कमाल कर दिया है। साथ ही तमाम सेलेब्स ने भी रणबीर कपूर स्टारर इस फिल्म को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दी हैं। ऐसे में अब खुद एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने इस बात की जानकारी दी है कि शाह रुख खान ने जब पहली बार एनिमल का टीजर देखा था, तो उनकी क्या प्रतिक्रिया रही थी। कैसा लगा शाह रुख खान को एनिमल का टीजर

संदीप वांगा रेड्डी ने फिल्म एनिमल को लेकर कई मौके पर खुलकर बात की है। फिर चाहें वो अपनी फिल्म को पसंद करने वालों का जिक्र करें या फिर मूवी की आलोचना करने वालों पर पलटवार करना क्यों न हो। हाल ही में संदीप ने दैनिक भास्कर को एक लेटेस्ट इंटरव्यू दिया है। इस दौरान उन्होंने बताया है कि शाह रुख खान को उनकी मूवी का टीजर कैसा लगा था। संदीप रेड्डी वांगा ने कहा है- गणपति के समय के दौरान मेरी मुलाकात शाह रुख खान सर से हुई। हमनें उन्हें ऑफिस में अपनी फिल्म का टीजर दिखाया और उनको वह काफी पसंद आया। हालांकि इसको लेकर मेरी और उनकी कुछ ज्यादा बात नहीं हुई थी। इस तरह से निर्देशक ने इस बात की जानकारी दी है कि फिल्म एनिमल की पहली झलक को देखकर किंग खान का रिएक्शन क्या था।

**शाह रुख के साथ फिल्म बनाने चाहते हैं संदीप**

इसके अलावा संदीप रेड्डी वांगा से सवाल पूछा गया कि वह भविष्य में किस हिंदी फिल्म के अभिनेता का साथ फिल्म बनाना चाहते हो तो उस पर एनिमल डायरेक्टर ने कहा- शाह रुख खान को उनकी पहली पसंद होंगे, जिनके साथ वह काम करना चाहेंगे। इसके अलावा रणवीर सिंह के साथ भी मूवी बनाने की मेरी बहुत बड़ी इच्छा है।











**Save Water Save Tree**

# WHO ने बताया अगले 25 सालों में 77 फीसदी बढ़ सकते हैं Cancer के मामले, इन तरीकों से कर सकते हैं इसकी रोकथाम




**कैंसर एक गंभीर बीमारी है जिसका वक्त पर इलाज न होने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इस कारण से इस बीमारी के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए वर्ल्ड कैंसर डे मनाया जाता है। WHO की एक रिपोर्ट में भी कैंसर के नए मामलों में काफी ज्यादा बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। जानें क्या बताय गया इस रिपोर्ट में और इससे बचाव के तरीके।**

**नई दिल्ली।** कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जो शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, कैंसर दुनिया भर में मौत की दूसरी सबसे बड़ी वजह है। साल 2018 में कैंसर की वजह से लगभग 90.6 लाख लोगों ने अपनी जान गवाई है। यह आंकड़ा काफी डरावना है। इसलिए इस जानलेवा बीमारी के बारे में लोगों में जागरुकता होनी काफी जरूरी है। इसलिए हर साल 4 फरवरी को वर्ल्ड कैंसर डे मनाया जाता है।

**क्या है WHO की रिपोर्ट?**

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की कैंसर एजेंसी, इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के मुताबिक, साल 2050 तक कैंसर के नए मामले, साल 2020 की तुलना में लगभग 77 प्रतिशत अधिक बढ़ जाएंगे। इसे आप यूं समझ सकते हैं कि साल 2050 में कैंसर के लगभग 3.5 करोड़ नए मामले सामने आ सकते हैं। इन बढ़ते मामलों के पीछे की वजह, तंबाकू का सेवन, मोटापा, शराब पीना और वायु प्रदूषण कैंसर के मामले बढ़ने की पीछे की सबसे अहम वजहें हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, लो ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स वाले देशों पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा और कैंसर की वजह से सबसे अधिक मौतें भी इन्हीं देशों में होगी। इसका आंकड़ा कुछ इस प्रकार है, इन देशों में लगभग 142 प्रतिशत तक कैंसर के नए मामलों में वृद्धि हो सकती है। वही हाई ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स वाले देशों में लगभग 40 लाख नए केस सामने आ सकते हैं। इस रिपोर्ट को देखने के बाद यह समझा जा सकता है कि कैंसर के प्रति जागरुकता और इसके जल्दी इलाज का कितना महत्व है।

**क्या है कैंसर?**

मायो क्लीनिक के मुताबिक, सामान्य सेल्स में असमान्य बदलाव होने की वजह से कैंसरस सेल्स, वे सेल्स जो आगे चलकर कैंसर की वजह बनते हैं, में परिवर्तित हो जाते हैं और असामान्य तरीके से तेजी से बढ़ने लगते हैं। ये कैंसरस सेल्स हेल्दी सेल्स को नष्ट करने लगते हैं और वक्त रहते इलाज न किया जाए, तो शरीर के दूसरे हिस्सों तक भी फैल सकते हैं। वैसे तो कैंसर के लक्षण इस बात पर निर्भर करता है कि वह किस अंग में हुआ है, लेकिन हर कैंसर के कुछ सामान्य लक्षण होते हैं, जिनकी मदद से इसका वक्त पर पता लगाकर, इलाज किया जा सकता है।

**क्या है कैंसर के सामान्य लक्षण?**

अचानक से वजन कम होने लगना

थकान

ब्लीडिंग होना या चोट के निशान नजर आना

पाचन क्रिया में समस्या

बुखार

त्वचा के टेक्सचर, रंग या मोल में बदलाव होना

**कैसे कर सकते हैं कैंसर से बचाव?**

**स्मोकिंग न करें-** स्मोकिंग की वजह से फेफड़ों के कैंसर के अलावा और भी कई प्रकार का कैंसर हो सकता है, जैसे- मुंह का कैंसर। इसलिए सिग्रेट और तंबाकू के उत्पादों से बिल्कुल दूर रहें। प्रदूषण से बचें- प्रदूषण की वजह से फेफड़ों का कैंसर, त्वचा कैंसर, आदि हो सकता है। इसलिए प्रदूषण से बचने के लिए मास्क, एयर प्योरिफायर आदि का इस्तेमाल करें। हेल्दी वजन मेंटेन करें- वजन अधिक होने की वजह से शरीर में काफी अनहेल्दी बदलाव होते हैं, जिस वजह से कैंसर का जोखिम भी काफी बढ़ जाता है। इसलिए हेल्दी वजन मेंटेन करना बेहद जरूरी है।

**हेल्दी डाइट खाएं-** अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर फूड आइटम्स को शामिल करें। एंटी-ऑक्सीडेंट्स खासतौर से कैंसर से बचाव में मदद कर सकते हैं। इसलिए अपनी डाइट में एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर फूड आइटम्स को शामिल करें।

**यूवी किरणों से बचें-** ज्यादा समय तक बिना एसपीएफ के बाहर जाना कैंसर को बुलावा देना हो सकता है। इसलिए सूरज से आने वाली यूवी किरणों से बचाव करने के लिए सन स्क्रीन का इस्तेमाल करें।

**एक्सरसाइज करें-**

एक्सरसाइज करने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इस कारण से कैंसर से बचाव में काफी मदद मिलती है। इसलिए रोज कम से कम 30-40 मिनट एक्सरसाइज जरूर करें।

**वैक्सीन-** कुछ वैक्सीन कैंसर कुछ प्रकार के कैंसर के जोखिम को कम करती हैं। जैसे- एचपीवी वैक्सीन की मदद से सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसलिए अपने डॉक्टर से बात कर, उन वैक्सीन्स को जरूर लगवाएं।

**टेस्ट करवाएं-** कैंसर के कई प्रकारों को नियमित स्क्रीनिंग की मदद से पकड़ा जा सकता है। जैसे- ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि के टेस्ट करवा कर, इन्हें शुरुआती स्टेज पर ही पकड़ा जा सकता है।

# सर्दियों में डाउन हो गई है आपकी भी एनर्जी, तो डाइट में इस तरीके से शामिल करें कच्चा पनीर

**कमजोर हड्डियां हों या सर्दियों में सुस्त पड़ा शरीर पनीर सेहत को कई फायदे पहुंचाता है। इसे खाने से आपकी मांसपेशियां स्ट्रांग होती हैं और शरीर को एनर्जी भी मिलती है। ये आपके शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को भी बढ़ावा देता है। ऐसे में आपको भी यहां बताए गए तीन तरीकों से कच्चे पनीर को अपनी विंटर डाइट का हिस्सा बना लेना चाहिए।**

**HIGHLIGHTS**

**स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी पनीर बहुत गुणकारी है।**

**वेट-लॉस, पाचन या बोन हेल्थ की बात हो, सभी में इसे खाना एक बेस्ट ऑप्शन माना जाता है।**

**इसे बच्चों से लेकर बड़े सभी पसंद करते हैं और इससे कई रेसिपीज तैयार की जा सकती हैं।**





**नई दिल्ली।** Raw Cottage Cheese: स्वाद ऐसा कि बच्चे हों या बड़े, सभी के दिल को ये खूब भाता है। जी हां, यहां हम पनीर का जिक्र कर रहे हैं। इसे कच्चा खाएं या पकाकर, हर तरीके से ये फायदेमंद होता है।

स्वाद के साथ-साथ ये आपकी सेहत का भी भरपूर ख्याल रखता है। वेजिटेरियन लोगों के लिए तो ये प्रोटीन का सबसे बढ़िया सोर्स है। कैल्शियम, विटामिन और फॉस्फोरस से भरपूर ये पनीर बोन हेल्थ से लेकर आपकी डेंटल हेल्थ तक को दुरुस्त रखता है। सर्दियों में अगर आप भी सुस्ती और थकावट से परेशान हैं, तो कच्चे पनीर को इन तीन तरीकों से अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। आइए जानते हैं इस बारे में।

**पनीर रोल**

कच्चे पनीर की मदद से आप रोल तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा सामान भी नहीं चाहिए। सिर्फ इसे ग्रेड करके इसमें थोड़ा चाट मसाला और काला नमक डालकर आप इसे रोटी या पराठे पर डालकर रोल बनाकर खा सकते हैं। इसमें स्वाद को बढ़ाने के लिए आप अपनी पसंद के मुताबिक कुछ सॉस भी एड कर सकते हैं और इसे हेल्दी बनाने के लिए इसमें बारीक कटी सब्जियां भी डाल सकते हैं।

**पनीर सैंडविच**

कच्चे पनीर से आप एक हेल्दी सैंडविच भी तैयार कर सकते हैं। इसके लिए इसे छोटे-छोटे क्यूब्ज में काटकर या ग्रेड करके भी ब्रेड पर लगाकर खा सकते हैं। आप चाहें तो स्वाद बढ़ाने के लिए इसे बटर लगाकर तवे पर या एयरफ्रायर में हल्का सेक भी सकते हैं। इसके अलावा इसमें शिमला मिर्च, ब्रोकली, टमाटर, कॉर्न और कुछ मसाले डालकर भी एक हेल्दी सैंडविच का मजा ले सकते हैं। इससे आपको खूब एनर्जी मिलेगी।

**पनीर का सलाद**

ब्रेकफास्ट में पनीर का सलाद खाना भी आपकी सेहत के लिए काफी अच्छा रहता है। इसमें आपको कच्चे पनीर को लेना है और इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर इसमें प्याज, टमाटर, धनिया पत्ती और कुछ मसाले एड करने हैं। रोजाना इसके एक कटोरी सेवन से आपको सर्दियों में काफी एनर्जी मिल सकती है। ये प्रोटीन का भरपूर सोर्स है।

# इन 5 भारतीय मसालों में छिपा है सेहत का भी खजाना!



**नई दिल्ली।** मसालों के लिए जाना जाने वाला देश है। यहां के मसालों की दुनियाभर में काफी डिमांड रहती है। इनके बिना आपकी थाली का स्वाद फीका ही रहता है। सिर्फ स्वाद ही नहीं, ये मसाले सेहत के लिहाज से भी काफी अहमियत रखते हैं। किचन में आसानी से मिलने वाले ये मसाले भले ही आपको साधारण लगते हों, लेकिन ये आपके पाचन तंत्र के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

**हींग**

एसिडिटी और खट्टी डकारों से अगर आप भी परेशान हैं, तो इसके लिए हींग का सेवन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। अपच, एसिडिटी और पेट से जुड़ी तमाम तरह की समस्याओं के लिए ये हींग मददगार साबित होती है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं।

**दालचीनी**

दालचीनी को चाय या खाने में डालकर सेवन करना काफी फायदेमंद रहता है। इससे नेचुरली आपका पाचन तंत्र मजबूत होता है और खाने का स्वाद भी दोगुना हो जाता है।

**अजवाइन**

गैस और एसिडिटी ठीक करने के लिए ये काफी कारगर मानी जाती है। इसमें मौजूद थाइमोल तेल, गैस्ट्रिक रस छोड़ता है जिससे एसिडिटी में राहत मिलती है।

**जीरा**

जीरे के बिना किसी भी छोंक का स्वाद फीका ही रहता है। भारतीय खान-पान में इसे ज्यादातर डिशेज में शामिल किया जाता है। आप इसे गैस पर सूखा भूनकर भी गर्म पानी से खा सकते हैं। वहीं, सुबह-सवेरे खाली पेट इसके सेवन से डाइजेशन बेहतर होता है।

**अदरक**

पाचन प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए अदरक का सेवन बेहद जरूरी माना जाता है। पेट फूलना या ब्लोटिंग जैसी तकलीफों से राहत दिलाने में भी ये काफी उपयोगी होता है। सर्दी-खांसी में भी ये एक रामबाण की तरह काम करता है।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# मुमुक्षु मोक्षा भण्डारी बनी साध्वी श्री राममित्रा श्री जी म. सा.



**चतुर्विध संघ की उपस्थिति में मोक्षा संयम पथ पर हुई आरूढ़ आचार्य श्री रामेश व उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि के मुखारविन्द से हुई दीक्षा पूर्ण**

**निम्बाहेडा।** आचाय रामेश व उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि के मुखारविन्द से हुई दीक्षा पुर्ण रतलाम की मुमुक्षु बहन मोक्षा भण्डारी हो गई अब साध्वी श्री राममित्रा श्री जी म. सा. आपको बतादे आचार्य रामेश व उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि ने सोमवार को कृषि उपज मंडी समिति में आयोजित विशाल समारोह में मुमुक्षु बहन मोक्षा भण्डारी को चतुर्विद संघ की उपस्तिथि में विधिवत तरीके से दीक्षा प्रदान कर मुमुक्षु बहन मोक्षा भण्डारी को साध्वी श्री राममित्रा श्री जी म. सा. के नाम से नामकरण किया तो खचा खच भरा पूरा पांडाल हर्ष हर्ष जय जय, आचार्य श्री रामेश व दीक्षार्थी बहिन के जयकारो से गुंजायमान हो उठा वही महिलाओ ने जयवंता जयवन्ता आज हमारो मन जयवन्ता गीत से गुंजायमान कर दिया हर कोई इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने को आतुर दिखाई दिया।

**चोतरफा दिखाई दी जन मेदनी**

दीक्षा प्रसंग की स्वीकृति के साथ ही दूर दराज के संघों सहित मेवाड़ , मारवाड़ ,मालवा के संघों के आने की सूचना के साथ ही स्थानिय संघ द्वारा वृहत स्तर पर की जा रही व्यवस्थाए सोमवार को मूर्त रूप में देखने को मिली जब दीक्षा स्थल कृषि उपज मंडी समिति में हजारों की तादाद में जन मेदनी दीक्षा प्रसंग में पहुंची, सुबह से ही हर गली हर रास्ते में महिलाओ , पुरुषों व बच्चों का रेला दीक्षा स्थल की तरफही जाता दिखाई दिया कोई दो पहिया तो कोई चो पहिया वाहन से तो कोई पैदल ही दोडता दिखाई दिया हर कोई ऐसा अनमोल क्षण अपने हाथो से गवाना नही चाहता था।

**शाही अंदाज में रविवार को निकला मुमुक्षु बहन मोक्षा भण्डारी का वरघोडा**

तय कार्यक्रम अनुसार रविवार को दोपहर करीब सवा 12 बजे आदर्श कॉलोनी स्थित छत्रपति शिवाजी समुदायिक भवन से शाही अंदाज से मुमुक्षु बहन मोक्षा भण्डारी का वरघोडा निकला जिसमे सबसे पहले बैंडबाजे उसके पीछे हाथो में विभिन्न स्लॉगन की तख्तियां हाथ में लिए बालक बालिकाएं जो की नारे लगाते हुए चल रही थी उनके पीछे रंग बिरंगे साफे के साथ सफेद वस्त्र पहने पुरुष उसके पीछे विशेष शाही रूप से सजाया हुआ वाहन जिसमें मुमुक्षु बहन व उसके परिजन थेए उसके पीछे हजारो की तादाद में सकल जैन संघ की महिला समिति की महिलाएं जिन्होंने भी साफे धारण कर रखें थे , वरघोडा आदर्श कॉलोनी स्थित छत्रपति शिवाजी सामुदायिक भवन से आरंभ हुआ जो विवेकानन्द सर्कल, केंची चौराहा विजय चौक, चन्दन चौक ,परसुराम सर्कल, शेखावत सर्कल, टेलीफोन एक्सचेंज के सामन होते हुऐ आचार्य श्री नानेश मार्ग होते हुए महेश भवन पर पहुंच समारोह के रुप में परिवर्तित हो गया। शाही वरघोडे को देखने के लिए रोड के दोनो तरफलोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। रास्ते में कई जगह पर मुमुक्षु बहन का लोगो ने अभिनंदन कर उनके उज्जवल संयमी जीवन की कामना की।

**केसर छंटाई, ओगा बंधाई के साथ सम्मान समारोह हुआ**

वर घोड़ा महेश भवन पहुंच समारोह में परिवर्तित हो गया जहां आध्यात्मिक रस्म केसर छंटाई, व ओगा बंधाई किया गया साथ ही मुमुक्षु बहन एवं उनके परिजनों का सकल जैन सघं द्वारा समारोह के साथ सम्मानित किया गया ।

जिसमें मुमुक्ष बहन के परिजनों सहित मेवाड मालवा सहित दूर दूर के एवं आस पास के श्रीसंघों के पदाधिकारी उपास्थित थे ।

**सहयोग के लिए सकल जैन संघ का आभार प्रकट किया**

संघ प्रवक्ता दिलीप बक्षी ने बताया की उक्त दीक्षा प्रसंग के निमित सकल जैन संघ सहित प्रशासन, नगर पालिका, कृषि मंडी प्रशासन, मंडी व्यापार संघ व हम्माल व पुलिस प्रशासन व अन्य सभी का जिन्होंने उक्त आयोजन में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहयोग दिया है, संघ अध्यक्ष रतन लाल पोरवाल ने आभार प्रकट करते हुए आगामी 17 फरवरी की प्रस्तावित 2 दिक्षाओ के प्रसंग में ऐसा ही सहयोग बनाए रखने का निवेदन किया है।

# जिले में प्रथम दिन शांति पूर्ण सम्पन्न हुई परीक्षा, दसवीं के हिन्दी के प्रश्न पत्र की परीक्षा में शामिल हुए 8871 परीक्षार्थी



**नीमच।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा (हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी) 5 फरवरी 2024 से आयोजित होकर कर नीमच जिले के सभी 40 परीक्षा केन्द्रो पर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 का प्रथम प्रश्न पत्र हिन्दी का प्रारम्भ हुआ। जिसमें जिले के समस्त हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10वीं के जिले के कुल 9171 परीक्षार्थियों में से 8871 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 300 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

समस्त परीक्षा केन्द्रों पर प्रात: 7.00 बजे से ही सम्पूर्ण प्रशासन अलर्ट था। जिले में कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशन में बनाये गये निरीक्षण दल के दल प्रमुखों द्वारा समस्त 40 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। स्वयं कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद द्वारा संवेदनशील व अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। तीनों अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नीमच डॉ.ममता खेडे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनासा श्री पवन बारिया तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद श्री राजकुमार हलदर ने भी अपने अनुविभाग क्षेत्रान्तर्गत परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया । समस्त तहसीलदारों ने अपने तहसील अन्तर्गत आने वाले परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा, सहायक संचालक श्री एस.एम.मांगरिया, सहायक संचालक श्री मनोज जैन व एडीपीसी श्री प्रलय उपाध्याय ने भी दूरस्थ परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त तीनों विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतीपूर्ण तरीके से संचालित हुई तथा कोई नकल प्रकरण नहीं बना।

# कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं, जनसुनवाई में 45 आवेदन आयें




**मंदसौर।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनुसनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 45 आवेदकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या/ शिकायत/ मांग/ आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये।

# ब्रह्म ज्ञान से ही मन को सुकून मिलता है, साध संगत जी, प्यार से कहना- धन निरंकार जी संत निरंकारी सत्संग संत समागम संपन्न




**नीमच।** सेवा कोई सहायता का रूप नहीं है यह मन का समर्पण है, हम होते ही कौन है कि किसी के लिए कुछ करने वाले परमात्मा का दिया हुआ है तो इसी के ऊपर ही आधारित करते हैं अपने मन को जब यह समझ लेते हैं कि परमात्मा ने बल दिया है तो इस बल का सदुपयोग ही होना चाहिए मन को परमात्मा के साथ जितना ज्यादा जोड़ेंगे उतना ही मन पवित्र होगा क्योंकि यह निराकार इस मन में बसेगा।, यह बात निरंकारी मिशन दिल्ली के उपाध्यक्ष शांतिदूत सत गुरु राज वासदेव जी ने कही। वे सद्गुरु माता सुदीक्षा पूज्य महाराज जी के मार्ग दिशा निर्देशन में समीपवृती ग्राम मालखेड़ा स्थित नवनिर्मित संत निरंकारी सत्संग भवन के लोकार्पण शुभारंभ के पावन अवसर पर रविवार शाम 5 बजे आयोजित संत समागम के मध्य बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि सेवा के अनेक रूप है जहां हर कोई सेवा के साथ जुड़कर अपने अहंकार को त्याग सकता है । समर्पण से सुकून की बात को हम गहराई से देखें कि सुकून किस चीज से जुड़ा है तो वहां धन्यवाद की बात भी होती है । मन में धन्यवाद का भाव है कि जीवन में हमारे लिए परमात्मा ने इतनी सुंदर सृष्टि की रचना की है तो हमारा कर्तव्य है कि इंसान बनकर आए हैं तो वाकई ही इंसानों वाले गुणों को भी अपनाना है। सिर्फ दिखावा मात्रा नहीं, अंदर से भी हमारा एक जो लक्षण हो वह इस आत्मा के साथ जोड़कर इंसानों वाला ही हो मानवीय गुणों से युक्त जीवन जहां हर कोई जी सकता है, वहीं इस परमात्मा को जानने के बाद फिर चाहे यह निर्गुण- निराकार है, फिर भी सारे ही गुण इसी में है जीवन में ऐसे ही गुणों से हम भी युक्त हो सकते हैं। ऐसे गुणों को हम सभी अपनाते चलें जाए। कोई भी परिस्थिति हो या तो शिकायत कर सकते हैं इस परमात्मा से या फिर उसे स्थिति में धन्यवाद का भाव रख सकते हैं। मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा यह भवन जहां संत रहे तो वह घर भी पवित्र हो जाता है जिस घर में निरंकार का ज्ञान आ जाए वह शरीर भी पवित्र हो जाता है ब्रह्म ज्ञानी का चरणामृत का महत्व बढ़ता है । सत्संग भवन में ब्रह्म ज्ञान मिलता है गुरु जहां बैठता है वह गुरुद्वारा बनता है। सत्संग भवन में प्रवेश करें तो दुनिया को भूलना चाहिए।सेवा तन मन धन से होनी चाहिए एकाग्रता पूर्वक संतसग सुनना चाहिए। ज्ञान वचन सुनते हैं तो इस जीवन में आत्मसात भी करना चाहिए। धर्म के दिखावे से बचना चाहिए। अयोध्या में मंदिर बना है पूजा पाठ हो रही है राम कण कण में व्याप्त है। समुद्र मंथन हुआ देवताओं राक्षसों में अमृत को लेकर युद्ध भी हुए। अमृत पीकर अमर होना चाहते थे देवता और दानव ।संपत्ति रिश्ते परिवार की समस्या हो तो संतो के पास नहीं जाना चाहिए जो परमात्मा से डरते हैं। दुनिया उनसे डरती है। हमें विवेक का ज्ञान दिया है। सत्संग के मार्ग पर होशियारी दिखावा नहीं चलता है। यहां सत्य ही चलता है। सत्य हर युग में रहा है। हर युग में रहेगा। परमात्मा एक मजबूत किला है ।राम चारों तरफ है ।कृष्ण ने गीता में अर्जुन को उपदेश दिया था कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत कर, नमाज भी एक तरीका है। अल्लाह दिखता नहीं है फिर भी लोग उपासना करते हैं।इजराइल रूस यूक्रेन के युद्ध हुए हैं लेकिन एटम बम किसी ने नहीं छोड़ा सभी को तबाही का ज्ञान है। परमात्मा चोर डाकू सबको देता है। अभिमान किसी का नहीं रहता है । हम सेवक बनकर सेवा करें सबका भला करें यही परमात्मा से प्रार्थना करनी चाहिए। परमात्मा का मार्ग सबसे ऊंचा महान होता है। जिसके हृदय में परमात्मा रहते हैं वह महान हो जाता है। इस अवसर पर नन्ही 5 वर्षीय बालिका किंशिका व्यास ने मधुर करणप्रिय गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सद्गुरु का स्वागत मुखी पदम कुमार कोटक, एन आर शाक्य, संजय निरंकारी, राजकुमार निरंकारी रतलाम,अर्जुन सिंह पंवार, सेवादल इन्चार्ज सीएम व्यास, सुधीर व्यास समाजसेवी बालकृष्ण सोलंकी ,जगमोहन कटारिया, गुणवंत गोयल, कन्हैयालाल मेघवंशी,माया बहन, गायत्री बहन, वर्षा बहन ने स्वागत सत्कार का आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एक तू ही निरंकार मेरे अवगुण को ना स्वीकार सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया।नन्हे मुन्ने बच्चे शिवा,ग्रंथ, किंशिका के जन्मदिवस के पावन उपलक्ष्य में लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सभी श्रद्धालु भक्तों ने संत समागम के बाद भोजन कर अपनी थाली स्वयं साफ धोकर उचित स्थान पर रखी और अपने सेवा कर्तव्य का निर्वहन किया।सभी ने संत समागम में प्रवेश से पूर्व अपने-अपने जूते चप्पल पंक्ति में जमा कर अनुशासन का संदेश दिया।

# नीमच शहर में हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा-2 की शुरूआत

## विधायक श्री परिहार व नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने हितग्राहियों को किया लाभांवित



**नीमच।** शासन के आदेशानुसार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के नेतृत्व में दिनांक 06 से 10 फरवरी तक आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-2 की शुरूआत मंगलवार को प्रात: 9 बजे नीमच सिटी के पिपली चौक से हुई। इसके पश्चात् दोपहर 2 बजे नीमच सिटी में सांवलिया सेठ मंदिर के यहां भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रजी मोदी की ग्यारंटी वाली वेन नीमच सिटी पहुँची, जिसमें उपस्थितजनों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में विधायक दिलीपसिंह परिहार, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल, समाजसेवी संतोष चौपड़ा, मंडल अध्यक्ष योगेश जैन, एसडीएम श्रीमती ममता खेड़े, सीएमओ महेन्द्र वशिष्ठ के साथ ही अनेक वरिष्ठजन मंचासीन थे।

**विधायक व नपाध्यक्ष ने हितग्राहियों को किया लाभांवित**

कार्यक्रम में विधायक श्री परिहार व नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा ने केन्द्र व म.प्र. शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि कुछ राजनैतिक दल योजनाओं के बंद होने की अफवाह फैला रहे हैं, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री श्री मोहनजी यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि कोई योजना बंद नहीं होगी। जो पात्र हितग्राही योजना से वंचित रह गये हैं वह आवेदन करें और योजना का लाभ उठायें। इस दौरान विधायक व नपाध्यक्ष ने शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभांवित करते हुए स्वीकृति पत्र प्रदान कियेकृ। इस दौरान विभिन्न हितग्राहियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली गई। कार्यक्रम को एसडीएम श्रीमती ममता खेड़े, समाजसेवी संतोष चौपड़ा, योगेश जैन, श्री सुनील कटारिया, श्रीमती मीना जायसवाल ने भी संबोधित किया।

**विभिन्न विभागों ने लगाये स्टॉल**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणों द्वारा माँ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बी.पी. शुगर की जांच हेतु शिविर लगाकर जांच की गई।

खाद्य विभाग ने उज्ज्वला योजना के फार्म जमा किये। वहीं कृषि विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी उपस्थितजन को दी गई।

**हितग्राहियों ने सुनाई सफलता की कहानी**

कार्यक्रम स्थल पर पी.एम. स्वनिधि योजना, पी.एम. आवास योजना, पी.एम. मातृ वंदना योजना से लाभांवित हितग्राहियों ने योजनाओं से लाभ प्राप्त कर अपने जीवन में हुए बदलाव व सफलता की कहानी अपने स्वयं के मुख से सुनाई।

कार्यक्रम का संचालन विजय बाफना ने किया व आभार नपा सभापति दारासिंह यादव व रामचन्द्र धनगर ने माना।

# शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभ दिलाये-श्री जैन

## कलेक्टर श्री जैन ई-जनसुनवाई में मनासा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से हुए रूबरू



**नीमच।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ई-जनसुनवाई करते हुए वीडियो कॉम्फ्रेसिंग के माध्यम से ई-जनसुनवाई में मनासा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरलाई, जन्नौद, हतुनिया एवं दुधलई के ग्रामीणों से संवाद कर,उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ई-जनसुनवाई में मनासा क्षेत्र की पॉच ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों एवं ग्रामीणों से रूबरू होते हुए बताया, कि राजस्व सेवा अभियान प्रचलित है, इसके तहत प्रत्येक ग्राम में शिविर लागये जा रहे है। इनमें फौती नामांतरण, बंटवारा, आबादी घोषित, नक्शा,तरमीन, आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। नगरीय क्षेत्रों में शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शिविर लगाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने कहा, कि बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ हो गई है। छात्र-छात्राए निश्चितएवं निर्भिक होकर, परीक्षा दें।

कलेक्टर श्री जैन ने बरलाई के सरपंच एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होने उज्जवला योजना की जानकारी देते हुए कहा, कि शेष रहे लोगों को सूचीबद्ध कर, संबंधित गैस एजेन्सी को जमा कर योजना का लाभ दिलवाये। उन्होने लाडली बहना, पीएम किसान सम्मान योजना,फसल गिरदावरीकी जानकारी भी प्राप्त की। सरपंच द्वारा किचन शेड एवं स्कूल क्षतिग्रस्त होने की समस्या पर कलेक्टर ने प्रस् ताव बनाकर ग्राम पंचायत को प्रस्?तुत करने के निर्देश दिए। ग्राम पालडा के ग्रामीणों द्वारा नलजल योजना के कार्य से सीसी रोड क्षतिग्रस्त पर उसे दुरस्त करवाने, कु.रक्षा गुर्जर ने दुर्घटना में भाई की मृत्यु हो जाने पर सबंल योजना का लाभ दिलाने, श्रीमती भावना सूर्यवंशी ने समग्र आई में नाम दर्ज करने, सोनू शर्मा ने नामांतरण करवाने, पालडा के सरपंच द्वारा सामुदायिक भवन बनवानेएवं पेयजल की समस्या हल करवाने संबंधी समस्याएं बताई। इस पर कलेक्टर श्री जैन ने संबंधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ई जनसुनवाई में जन्नौद के ग्रामीणों ने उनके गॉव को रामपुरा सोसायटी से पृथक करने और गॉव में खाद का गौदाम निर्माण करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के क्षेत्रिय प्रबंधक को रामपुरा सोसायटी में अधिक गॉव शामिल होने से किसानों को असुविधा होने पर सोसायटी का परिसीमन कर, जन्नौद व आसपास के गॉवों को मिलाकर पृथक से सोसायटी गठित कर प्रांरम्भ करवाने के निर्देश दिए।

जन्नौद के ग्रामीणो ने गॉव सुदूर सडक निर्माण करवाने की भी मांग की।

# थोडी देर का गुस्सा बरसो की सांधना को नष्ट कर देता है- आचार्य श्री रामेश

**निम्बाहेड़ा।** हमारे सुख की रक्षा करने वाला धर्म है, हम धर्म की आराधना करेगें उसकी रक्षा करेगें तो हमारे सुख को कोई छीन नही सकता, यह बात बुधवार को आचार्य श्री रामलाल जी मासा ने आदर्श कॉलोनी स्थित समता भवन अपने अमृत देशना में कहीं उन्होने कहा कि जेसे किमती लकडी में दीमक लग जाऐ तो उस किमती सुन्दर लकडी को खोखला कर देती है। ठिक उसी प्रकार हमारा अध्यात्म कितना भी सुदृड क्यो नही हो लेकिन उसमे क्रोध, मान, माया, और लोभ रूपी दीमक लग जाऐ तो हमारा अध्यात्मीक जीवन भी खोखला हो जाऐगा, क्रोध, मान, माया, ओर लाभ हमारे जीवन के आध्यात्मीक दोष है। इनका शमन करने वाला महावीर बन जाता है, जो ना तो पाप करता है और ना ही पाप करवाता है, क्योकि यह चारो ही पाप के ही रूप है।

भगवान महावीर नें जिन भवों में जो जो पाप किये थे उन्हे जानकर अपने पास नही फटकने दिया और यह भी प्रयास किया कि उनकी वजह से किसी की आत्मा दुषित नही हो। उन्होने कहा कि जिस प्रकार एक भवन बनाने के लिये बरसो बरस लग जाते है तब जाकर वह भव्यता को प्राप्त करता है लेकिन वही जमीनी उथल पुथल से आया भुकम्प चंद सेकण्ड में ही भव्य इमारत को धराशाही कर देती है, ठिक उसी प्रकार से हमारे जीवन में भी थोडी देर का गुस्सा बरसो की साधना को क्षण में ही नष्ट कर देता है। क्रोध, माया हमारे जीवन में पतन का कारण हे वहीं माया और लाभ हमें उपर उठने नहीं देगा यही बात हमें समझने की है जब तक हम यह बात समझेगें नही तब तक हम अपनी आत्मा को कर्मा से हल्का नही कर पाऐगें उन्होने कहा हम सिर्फ इस बात पर उलझे हुऐ है कि दुनिया क्या कहेगी जब हम अपने मन की सुनने लग जाऐगें तो बाहर किसी की बात सुनने की जरूरत ही नही पडेगी भगवान महावीर जब जंगल से गुजर रहे थे और उनके अनुनायीयों ने उस रास्ते की तरफ जाने से मना किया जिस रास्ते पर चण्डकोशी सांप का बसेरा था लेकिन भगवान महावीर ने उनकी नही सुनी और अपने मन की सुनते हुऐ उसी मार्ग पर आगे बढ गये और होता क्या है चण्डकोशी सर्प जिसकी एक फुफकार ने कई लोगो को मोत की आगोश में ले लीया हो वही कई बार फुफकार मारता है भगवान शान्त चित्त होकर वात्सल्य भाव से खडे रहते है तो उसका परिणाम यह होता है कि वात्सल्य भाव से प्रस्फुटीत दूध उनके पेरो से बह निकलता है तो चण्ड कोशी सर्प को आत्म बोध होता है वह तो एक संत था और क्रोध के कारण ही उस इस योनी में आया और अपने आप में पश्चाताप के भाव प्रकट होते ही उसको केवल ज्ञान हो जाता है।

संत मुनि को पृथ्वी की तरह ही सहनशील और उर्वरकता से परिपूर्ण बनना चाहिये जिससे वही लोगो के जीवन निमार्ण में अपनी अहम भूमिका का निवर्हन कर सके। जीवन में क्रोध कम करने के लिये हमें अपने जीवन में ''उस्सम भाव'' की आराधना करना चाहिये जिससे वात्सत्य भाव बढेगा, धर्म हमारी लक्ष्मण रेखा है उसकी अनदेखा नही करना चाहिये एक छोटा सा छेद नोका को डुबा देता है हमारी जीवन की नोका को डुबने से बचाना हे तो आत्मा को दुषित करने वाले इन चारो दोषो को हटाना होगा जिससे हमारी आत्मा निष्पाप हो हल्की हो जाऐगी वही आत्मा मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होगी। गुरूवार को आचार्य भगवन की अमृत देशना समता भवन में ही होगी संघ प्रवक्ता दिलीप बक्षी ने बताया कि मेवाड मालवा सहित आस पास के क्षेत्रों से श्रावक श्राविकाऐं व संघ धर्म आराधना और दर्शन वन्दन के लिये नित्य उपस्थित हो रहे है।

# कुलपति अब कहलाएंगे कुलगुरू, किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना निरन्तर रहेगी



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना को निरन्तर रखने की स्वीकृति दी हैं। सहकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को फसल ऋण प्रदान किया जायेगा। योजना में खरीफ 2023 सीजन की ड्यूडेट 28 मार्च, 2024 तथा रबी 2023-24 सीजन की ड्यूडेट 15 जून 2024 रखी गयी है। राज्य शासन ने योजना के अन्तर्गत फसल ऋण लेने वाले सभी किसानों को 1.5 प्रतिशत (सामान्य) ब्याज अनुदान तथा खरीफ एवं रबी सीजन की निर्धारित ड्यूडेट तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों को 4 प्रतिशत प्रोत्साहन स्वरूप (अतिरिक्त ब्याज अनुदान) दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण प्रदाय करने का राज्य सरकार का संकल्प है।

प्रदेश में जिला स्तर पर चाइल्ड हेल्प लाइन के संचालन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा मिशन वात्सल्य में चाइल्ड हेल्प लाइन के सुचारू और कुशल संचालन के लिए विभागीय आदेश में संशोधन की स्वीकृति दी गयी। संशोधन के अनुसार जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा एक हेल्पलाईन यूनिट का संचालन किया जायेगा। इस कार्य के लिए मानव संसाधन का चयन भारत सरकार द्वारा निर्धारित अर्हता अनुसार विज्ञापन जारी कर पारदर्शी प्रक्रिया से किया जायेगा। चाइल्ड हेल्प लाइन के सभी स्टाफ संविदा पर रखे जाऐंगे।

**मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय ( संशोधन ) विधेयक का अनुमोदन**

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 के माध्यम से मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 में संशोधन प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। विधेयक को आगामी विधानसभा सत्र में पुनःस्थापित और पारित कराने संबंधी कार्यवाही के लिए उच्च शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया। विधेयक में संशोधन अनुसार विश्वविद्यालयों में कुलपति पदनाम को कुलगुरू किये जाने पर अनुमोदन दिया गया हैं।

**अन्य निर्णय**

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश की मदिरा दुकानों के निष्पादन, देशी/विदेशी मदिरा प्रदाय व्यवस्था, भांग, भांगघोटा की फुटकर बिक्री की दुकानों के निष्पादन एवं अन्य के संबंध में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आबकारी नीति का अनुमोदन किया गया। मदिरा दुकानों के वर्ष 2023-24 के वार्षिक मूल्य में 15त्न की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राघवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।